Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector -21, Noida

<u>स्वतंत्रता दिवस समारोह - 2021</u>

“गूंज रहा है दुनिया में भारत का नगाड़ा,
चमक रहा आसमान में देश का सितारा |
आजादी के दिन आओ मिलकर करें दुआ,
बुलंदी पर लहराता रहे तिरंगा हमारा ।”

आज जब कोरोना जैसी महामारी ने समग्र विश्व को घेर रखा है, तब भी देश के प्रति प्रेम व उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं आई है । देश के प्रति इसी जज़्बे को दर्शाते हुए बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा ने आज ऑनलाइन माध्यम से 75वाँ स्वतंत्रता दिवस का अमृतमहोत्सव पूर्ण जोश व उत्साह के साथ मनाया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण का कार्यक्रम लाइव स्ट्रीमिंग के ज़रिए माननीया प्रधानाचार्या जी, उप प्रधानाचार्या जी, शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में माननीया प्रधानाचार्या जी ने राष्ट्रीय कवि रामधारी सिंह दिनकरजी की कविता ‘समर शेष है’ का वाचन कर लोगों को प्रोत्साहित किया| इस अवसर पर ऑनलाइन प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें एक ओर प्राथमिक स्तर के छात्रों ने ‘आज़ाद ए वतन’ देशभक्तिगीत प्रस्तुत किया तो दूसरी ओर माध्यमिक स्तर के छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया तथा ‘बेखौफ आज़ाद हैं हम’ गीत के माध्यम से लोगों को नारीशस्त्रीकरण के प्रति जागरूक किया |

अंत में कक्षा आठवीं व नवीं के छात्रों ने एक लघु नाटिका द्वारा लोगों को देश पर शहीद हुए सैनिकों की वीर गाथा से परिचित कराया | कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीयगान से हुआ |

सैनिकों की वीर गाथा का प्रस्तुतीकरण

देशभक्ति के गीतों का सुमधुर गायन

छात्रों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति